वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन

भाग–1 व 2
[निदेशालय लेखा परीक्षा (ऑडिट)]

वित्तीय वर्ष
2012–13

प्रतिवेदकः निदेशालय लेखा परीक्षा (ऑडिट) उत्तराखण्ड, देहरादून

विषय सूची

भाग–1

(स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग)

(1)	प्रशासनिक खण्ड		
क्र0सं0	विवरण	कण्डिका	पृष्ठ संख्या
1	विभागीय प्राधिकार के स्रोत	2.1	1–2
2	सम्परीक्षाधीन लेखे	3.1–3.2	2
3	सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य	4.1–4.2	2–3
4	प्रभागीय आय–व्ययक	5.1–5.3	3–4
5	प्रभागीय आय एवं व्यय का समन्वय	6.1–6.2	4
6	विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था	7.1–7.4	4–5
7	विभाग की जनशक्ति	8	5–7
8	निदेशालय लेखा परीक्षा उत्तराखण्ड द्वारा वर्ष में सम्पादित कार्य	9	7
9	सम्परीक्षा में उदघाटित अनियमिततायें	10.1.1	7
10	विशेष सम्परीक्षायें तथा जांच	10.1.2	8–9
11	सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति	10.2.1	9
12	धर्मादा संदान निधि	11	9
13	लेखाकार परीक्षा का आयोजन	12	9
14	जिला पंचायतों, स्थानीय निकायों, जल संस्थानों के पेंशन एवं आनुतोषिक प्रकरणों का निस्तारण	13	9
15	निष्कर्ष	–	10
(2)	कार्यकारी खण्ड	–	11–48
(3)	परिशिष्ट क, ख, ग, घ, ङ, च, छ व ज	–	49–60

1-

प्रशासनिक खण्ड

भारतीय संघ के अधीन 09 नवम्बर, 2000 से उत्तराखण्ड राज्य का गठन हुआ। उत्तराखण्ड शासन ने वित्त विभाग का संगठनात्मक ढांचे का अनुमोदन करते हुए वित्त विभाग की राजाज्ञा संख्या 5098/वि0स0शा0/2001 दिनांक 19 जून, 2001 द्वारा विभाग के संगठनात्मक ढांचे में स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग को निदेशक कोषागार एंव वित्त सेवायें,सह स्टेट इण्टरनल आडिट,उत्तराखण्ड में सम्मिलित कर लिया था। उत्तराखण्ड शासन के वित्त विभाग की राजाज्ञा संख्या 127/(11)/2012 दिनांक 09 अक्टूबर,2012 द्वारा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग को सम्मिलित करते हुए लेखा परीक्षा विभाग का पुर्नगठन कर पृथक निदेशालय का गठन किया गया है।

उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा अधिनियम 2012 जो कि दिनांक 8 जून 2012 से प्रवृत्त हुआ की धारा -8(3) के अन्तर्गत स्वायत्तशासी संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों तथा उत्तराखण्ड सहकारिता अधिनियम, 2003 की धारा 64 एवं उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 40 के अधीन सहकारी एवं पंचायती राज संस्थाओं की लेखा परीक्षा पर आधारित वर्ष 2011-12 का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन राज्य के विधान सभा पटल पर रखा जा चुका है। लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा सम्परीक्षित लेखाओं पर आधारित वर्ष 2012-13 का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन विधान सभा पटल पर रखने हेतु प्रस्तुत है।

2- विभागीय प्राधिकार के स्रोत :-

2.1 उत्तराखण्ड सरकार वित्त विभाग के गजट नोटिफिकेशन संख्या 495/xxvii(11)2012 दिनांक 26 नवम्बर, 2012 द्वारा प्रदेशान्तर्गत अवस्थित सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक निगमों, सरकारी कम्पनियों, प्रतिष्ठानों, साविधिक प्राधिकरणों, पंचायती राज संस्थाओं, नगर पालिकाओं/नगरी स्थानीय निकाय, सरकारी समितियों के संगत नियमों एवं तदधीन निर्मित नियमावलियों एवं परिनियमावलियों आदि में उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा अधिनियम, 2012 में यथास्थान शासन द्वारा इस बात की व्यवस्था की गयी है कि उक्त संस्थाओं की लेखा परीक्षा निदेशक, लेखा परीक्षा, उत्तराखण्ड द्वारा की जायेगी।

2.2 उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा अधिनियम 2012 (उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्या 02 सन् 2012) जो कि दिनांक 08 जून, 2012 ई0 (ज्येष्ठ 18,1934 शक सम्वत्) से प्रवृत हुआ की धारा-4(1) के अन्तर्गत विधान मण्डल ने इस विभाग को यह शक्ति भी प्रदान की है कि ऐसे आडिटी स्थानीय प्राधिकारी के लेखाओं की परीक्षा पूर्णतया ऐसे किसी अधिनियम में जिसके द्वारा या अधीन आडिटी स्थानीय प्राधिकारी का गठन किया गया है, उसके अधीन बनाये गये किसी नियम में किसी बात के होते हुए भी इस अधिनियम के दौरान या अधीन उपबन्धित रीति से की जायेगी।

2.3 उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा अधिनियम 2012 में प्रादेशिक विधान मण्डल द्वारा उपर्युक्त स्पष्ट आदेश पारित करने के उपरान्त अब स्थिति यह है कि प्रदेशान्तर्गत स्थित सभी सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक निगमों, सरकारी कम्पनियों, प्रतिष्ठानों, साविधिक प्राधिकरणों, पंचायती राज संस्थाओं, सोसाइटी जिनका प्रबंधन/नियंत्रण राज्य सरकार द्वारा किया जाता है, सोसाइटी जो केन्द्र/राज्य से वित्त पोषित है,समस्त अन्य संस्थायें जो राज्य सरकार से सहायता अनुदान प्राप्त कर रही है, समस्त अन्य सरकारी/गैर सरकारी संगठन जो राज्य की संचित निधि से सहायता अनुदान,ऋण,सहायिकी या किसी

प्रकार की वित्तीय सहायता, पूर्णतया या अंशतः प्राप्त करते है। नगर पालिकाओं/नगरी स्थानीय निकायों, सहकारी समितियों की सम्परीक्षा अनिवार्यतः निदेशक लेखा परीक्षा तथा पंचायत लेखा परीक्षा) उत्तराखण्ड द्वारा की जानी है।

3- सम्परीक्षाधीन लेखे -

3.1 वर्ष 2012-13 में सम्परीक्षाधीन संस्थाओं के लेखाओं की संख्या । उप सम्परीक्षा से सम्बन्धित 947 संस्थाओं का विवरण संलग्न **परिशिष्ट ''क'' भाग-1** में दिये गये हैं। शेष सम्वर्ती सम्परीक्षा एंव शतप्रतिशत लेखा परीक्षा से सम्बन्धित 16 संस्थाओं की सूची परिशिष्ट ''क'' भाग-2 के रूप में संलग्न है।

3.2 वर्तमान में सम्परीक्षाधीन संस्थाओं के लेखाओं का सरकारी गजट, उत्तराखण्ड शासन की अधिसूचना संख्या-495/xxvii(11)2012 देहरादून, 26 नवम्बर, 2012 जो उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा अधिनियम, 2012 लागू होने की तिथि 8 जून, 2012 से प्रभावी है, की संलग्न **परिशिष्ट ''क'' भाग-1** अनुसूची परिशिष्ट ''ख'' में दी गयी है।

4- सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य : -

4.1 शासन द्वारा निदेशालय लेखा परीक्षा को प्रदेश की सभी सरकारी विभागों,सार्वजनिक निगमों,सरकारी कम्पनियों, प्रतिष्ठानों साविधिक प्रधिकरणों पंचायती राजसंस्थाओं, स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं को स्वीकृत किये गये वितीय अनुदानों एवं ऋणों आदि का उपभोग सुनिश्चित करने के लिए इन स्थानीय निकायों एवं संस्थाओं की सकल आय एवं व्यय एवं बजट प्राविधानों की सम्परीक्षा का दायित्व दिया गया है जिससे सम्परीक्षा के माध्यम से शासन एवं विधान मण्डल को यह ज्ञात होता रहे कि इन संस्थाओं की स्थापना सम्बन्धी विशिष्ट अधिनियमों में अपेक्षित जन आकांक्षाओं की पूर्ति इनके द्वारा की जा रही है अथवा नहीं। अतः इस सन्दर्भ में सम्परीक्षा का कार्य मात्र लेखा परीक्षा न रहकर संस्था के सम्बन्ध में वितीय अनुशासन से जुडे सभी पहलुओं की समीक्षा का एक गुरुत्तर दायित्व भी हो जाता है।

4.2 निदेशालय लेखा परीक्षा (ऑडिट) के कार्यकलाप निम्नवत् हैं :-

- 1- सम्परीक्षित स्थानीय निकायों, स्वायत्तशासी संस्थाओं, निगमित एवं अनिगमित निकायों, विश्वविद्यालयों, सहायता प्राप्त अशासकीय शिक्षण संस्थाओं एवं प्रशिक्षण संस्थाओं, महाविद्यालयों, अन्य शिक्षण संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य शासकीय/अशासकीय संगठनों आदि के विविध लेखों की नियमित सम्परीक्षा करना एवं परिणाम से संस्थाओं तथा शासन को सूचित करना।
- 2- उपर्युक्त संस्थाओं का वितीय मार्ग दर्शन करना।
- 3- उपर्युक्त संस्थाओं द्वारा सन्दर्भित प्रकरणों पर अभिमत देना।
- 4- नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों, जल संस्थानों, जिला पंचायतों, श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मन्दिर समिति के सेवा निवृत्त कर्मचारियों को देय पेंशन एवं उपादान की पुष्टि एवं संस्तुति करना।
- 5- महालेखाकार को उपर्युक्त संस्थाओं को स्वीकृत अनुदानों के उपभोग के सम्बन्ध में संहत आख्या प्रस्तुत करना।

- 6- नगर पालिका परिषदों, जिला पंचायतों, नगर निगम, विकास प्राधिकरणों एवं जल संस्थानों के लेखाकार परीक्षा का आयोजन करना।
- 7- विभाग के नवनियुक्त लेखा परीक्षकों एवं जिला सम्परीक्षा अधिकारियों को आधारभूत प्रशिक्षण तथा विभागीय अधिकारियों एवं लेखा परीक्षा कर्मियों को अल्पकालिक प्रशिक्षण देना।
- 8- सेवारत विभागीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मार्गदर्शन एवं उन्हें सम्परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन शासकीय आदेशों से युक्त करने के लिये उनका प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण आयोजित करना।
- 9- स्थानीय निकाय के लेखा कर्मियों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण देना।
- 10 विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विशिष्ट क्षेत्रों में निष्णात् गणमान्य व्यक्तियों की संगोष्ठयॉं आयोजित करना।
- 11- धर्मादा सन्दान न्यासों के निधियों को विनियोजित करने तथा उन पर प्राप्त ब्याज को प्रादेशिक एवं भारत सरकार के न्यासों को संवितरण करना।
- 12- प्रभागीय कार्यकलापों सहित संहत वार्षिक प्रतिवेदन विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करना।
- 13- सम्परीक्षाधीन लेखाओं पर नियमानुसार सम्परीक्षा शुल्क आरोपित करना तथा उनकी वसूली करना।
- 14- सम्परीक्षाधीन स्थानीय प्राधिकारियों के अधिनियम एवं परिनियमों के संगत प्रावधानों के अन्तर्गत क्षति, कपट, दुरूपयोग आदि के लिये उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध अधिभार कार्यवाही करना।
- 15- उपर्युक्त स्थानीय निकायों/ संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य लेखाओं की आवश्यकतानुसार विशेष सम्परीक्षा सम्पादित करना।
- 16- शासन द्वारा सौंपे गये अन्य कार्यो पर शासन को आख्या प्रस्तुत करना।
- 17- बजट परिणामों तथा वास्तविक परिणामों की निरंतर तुलना करना।
- 18- अधिप्राप्ति प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा तथा निस्पक्षता सुनिश्चित किया जाता।
- 19- लोक निजी सहभागिता की समीक्षा करना।
- 20- भण्डार में सामग्री की प्राप्ति पर नियंत्रण की समीक्षा करना।
- 21- सरकारी निधियों अथवा सामग्री के संचालन के सम्बन्ध में लेखा अथवा विवरणियां सही ढंग से अनुरक्षित और समय पर प्रस्तुत करने सम्बन्धी समीक्षा।
- 22- केन्द्र पुरोनिधानित/राज्य योजना/बाह्य सहायित योजनाओं की समीक्षा/मूल्यांकन करना।
- 23- अधिष्ठान (जीपीएफ तथा नई पेंशन योजना सहित) की समीक्षा करना।

5- <u>प्रभागीय आय-व्ययक :-</u>

5.1 यद्यपि स्थानीय निधि लेखा परीक्षा लेखा परीक्षा द्वारा सभी स्थानीय निकायों एंव स्वायत्तशासी संस्थाओं व अन्य निगमित,अनिगमित आदि की सम्परीक्षा की जाती है। सरकारी विभागों, सार्वजनिक निगमों, सरकारी कम्पनियों, प्रतिष्ठानों, साविधिक प्राधिकरणों, पंचायती राज संस्थाओं, नगर पालिकाओं/नगरी स्थानीय निकाय, सरकारी समितियां आदि की सम्परीक्षा की जाती है, यह प्रभाग पूर्णतया उत्तराखण्ड शासन के वित्त विभाग के अधीन है।

5.2 इस प्रभाग की समस्त प्राप्तियाँ प्रादेशिक राजकोष में जमा होती हैं तथा विधान मण्डल द्वारा स्वीकृत प्रादेशिक आय-व्ययक के माध्यम से राज्य निधि से विभागीय व्यय हेतु धन उपलब्ध कराया जाता है।

5.3 लेखा परीक्षा शुल्क विभागीय आय का मुख्य स्रोत है। सम्परीक्षा शुल्क का आरोपण शासन द्वारा निधारित दरों पर किया जाता है, जो सम्परीक्षित संस्था द्वारा सीधे राजकोष में जमा किया जाता है। वर्तमान में निर्धारित सम्परीक्षा शुल्क की दरें **परिशिष्ट** ''ग'' उत्तराखण्ड राज्य में लागू है।

<u>6- प्रभागीय आय एवं व्यय का समन्वय :-</u> वित्तीय वर्ष 2013-14 में प्रभागीय व्यय एवं इस वर्ष में आरोपित सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् है :-

क्र०सं०	वितीय वर्ष	व्यय (रुपये)	आरोपित सम्प० शुल्क (रुपये)
1-	2012-13	2,31,77,273	3,37,17,536.00

6.2 निदेशालय लेखा परीक्षा द्वारा कृत कार्य सेवा प्रकृति (सर्विस नेचर) के हैं जिन पर होने वाले व्यय की तुलना आरोपित शुल्क से नहीं की जा सकती है।

<u>7.1- निदेशालय लेखा परीक्षा, विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था</u> :- उत्तराखण्ड शासन के वित्त विभाग के शा० सं० 127/xxvii(11)/2012 दिनांक 09 अक्टूबर, 2012 द्वारा लेखा परीक्षा उत्तराखण्ड के नियन्त्रणाधीन लेखा परीक्षा विभाग के रुप में कार्यरत है, जिसकी प्रशासनिक व्यवस्था मुख्यतः द्विस्तरीय है :-

(1) मुख्यालय स्तरीय।

(2) जिला स्तरीय।

जनपदीय कार्यालयों की सूची **परिशिष्ट** ''घ'' में दी गयी है। उक्त के अतिरिक्त सम्वर्ती सम्परीक्षा कार्यालय भी है जिन पर प्रशासनिक नियन्त्रण निदेशालय द्वारा होता है। सम्वर्ती सम्परीक्षा कार्यालयों की सूची **परिशिष्ट** ''ड.'' में दी गयी है।

<u>7.2-1- मुख्यालय स्तर :-</u>निदेशालय लेखा परीक्षा का प्रधान कार्यालय देहरादून में स्थित है, जो निदेशालय लेखा परीक्षा (आडिट) उत्तराखण्ड के नाम से जाना जाता है। इसके विभागाध्यक्ष निदेशक, लेखा परीक्षा (आडिट) उत्तराखण्ड हैं।

7.2 -2 – मुख्यालय पर निदेशक के सहयोगी के रुप में अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक तथा अन्य अधीनस्थ कर्मचारियों के पद स्वीकृत हैं जिसका विवरण प्रस्तर-८ में दिया गया है। वर्तमान में जनपदों की प्रमुख बडी संस्थाओं जैसे :- नगर निगम, मण्डी परिषद, नगर पालिका परिषदों, विकास प्राधिकरणों, मन्दिर समितियों, इन्जीनियरिंग कालेजों, विश्वविद्यालयों आदि के लेखाओं की लेखा परीक्षा के कार्य का पर्यवेक्षण, इन निकायों के सेवा निवृत्त कर्मचारियों के पेंशन एवं आनुतोषिक के सत्यापन एवं पुष्टीकरण का कार्य मुख्यालय स्तर पर कार्यरत अधिकारियों द्वारा किया जाता है।

7.3 – जनपद स्तरीय :- लेखा परीक्षाधीन इकाईयॉ राज्य के शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक में स्थित है। विभाग के लेखा परीक्षा कर्मी सभी जनपदों में नियुक्त कर दिये जाते हैं जो सम्बन्धित जनपद में स्थित परीक्षाधीन ईकाइयों की लेखा परीक्षा करते रहते हैं। उनके कार्यो पर स्थानीय नियन्त्रण, पर्यवेक्षण एवं मार्ग दर्शन हेतु जनपद स्तर पर जिला सम्परीक्षा अधिकारी के कार्यालय स्थापित हैं प्रदेश के 09 जिलों में जिला सम्परीक्षा अधिकारी कार्यालय स्थापित हैं।

7.4 – राज्य स्तरीय :- शासनादेश संख्या वि०अनु० -1/2003 दिनांक 03 सितम्बर, 2003 द्वारा उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उधमसिंह्नगर एवं वन विकास निगम नरेन्द्रनगर (टिहरी गढवाल) में सम्परीक्षा अधिकारियों के कार्यालय स्थापित किये गये हैं।

8- विभाग की जनशक्ति :- वर्ष 2012-13 के अन्त में स्थानीय निधि लेखा परीक्षा तथा सहकारी समितियां एंव पंचायतें प्रभाग में श्रेणीवार स्वीकृत पदों एवं उन पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण निम्नवत् रहा है:-

क्र० सं०	अधिकारी/कर्मचारी का समूह	स्वीकृत पद	कार्यरत संख्या	कार्यरत कर्मियों का प्रतिशत
1-	समूह ''क''			
	1. अपर निदेशक	02	0	0
	2. संयुक्त निदेशक	02	01	50.00
	3. उप निदेशक	04	02	50.00
2-	समूह ''ख''			
	1. लेखा परीक्षा अधिकारी ग्रेड-1	04	-	शून्य
	2. सहायक निदेशक	05	04	80 प्रतिशत
	3. जिला लेखा परीक्षा अधिकारी	25	20	80 प्रतिशत
	4. सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी	49	25	51 प्रतिशत
	5. वरिष्ठ लेखा परीक्षक ग्रेड-1	13	02	15.38 प्रतिशत
	6. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	02	02	शतप्रतिशत
	7. प्रशासनिक अधिकारी	17	09	52.94 प्रतिशत
3-				समूह ''ग''
	(1) ज्येष्ठ लेखा परीक्षक	303	35	11.55 प्रतिशत
	(2) लेखा परीक्षक	75	09	12.00 प्रतिशत
	(3) आशुलिपिक	04	-	शून्य
	(4) प्रधान सहायक	17	05	29.41 प्रतिशत
	(5) प्रवर सहायक	28	07	25.00 प्रतिशत
	(6) कनिष्ठ सहायक	31	17	54.84 प्रतिशत

	(7) वाहन चालक	07	01	14.29 प्रतिशत
4-	समूह ''घ''	96	14	14. 58प्रतिशत
	योग	684	151	

उत्तराखण्ड शासन के वित्त अनुभाग-06 के शासनादेश संख्या 463/xxvii(11)/20 दिनांक 07 नवम्बर, 2012 द्वारा वित्त विभाग के अन्तर्गत निदेशालय, उत्तराखण्ड के पुनगर्ठन के उपरान्त पदों का सृजन किया गया है उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा अधिनियम 2012 की धारा-3 की उपधारा(1)व(2) के अन्तर्गत लेखा परीक्षा कार्य को सम्पादित करने के लिये ऑडिट निदेशालय के गठन एंव संगठनात्मक ढॉचे में निम्नलिखित पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है:-

क्र० सं०	पदनाम	वेतनमान	स्वीकृत पदों संख्या	अभियुक्ति
1.	निदेशक	37400-67000+ग्रेड वेतन 10000	01	
2.	अपर निदेशक	37400-67000+ग्रेड वेतन 8900	01	
3.	संयुक्त निदेशक	15600-39100+ग्रेड वेतन 7600	02	
4.	उप निदेशक	15600-39100+ग्रेड वेतन 6600	04	
5.	लेखा परीक्षा अधिकारी	15600-39100+ग्रेड वेतन 5400	25	
6.	सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी	9300-34800+ग्रेड वेतन 4800	75	
7.	लेखाकार	9300-34800+ग्रेड वेतन 4200	01	आउटसोर्सिंग/ सेवा स्थानान्तरण
8.	सहायक लेखाकार	5200-20200+ग्रेड वेतन 2800	02	आउटसोर्सिंग/ सेवा स्थानान्तरण
9.	व्यैक्तिक सहायक		03	आउटसोर्सिंग
10.	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर		17	आउटसोर्सिंग
11.	ड्राईवर		08	आउटसोर्सिंग
12.	अनुसेवक/डाक/वाहन/ मशीन/ऑपरेटर/रिकार्ड हैण्डलिंग		15	आउटसोर्सिंग
			154	

उपरोक्त के अतिरिक्त संदर्भित शासनादेश में यह भी व्यवस्था की गयी है कि:

2. नियमित नियुक्ति होने तक प्रमुख सचिव वित्त/सचिव वित्त द्वारा नामित अपर सचिव वित्त, निदेशक लेखा परीक्षा का पद पदेन धारण करेंगे।

3. ऑडिट निदेशालय का मुख्यालय देहरादून में स्थित होगा।

4. स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग तथा सहकारिता पंचायत लेखा प्रभाग के वर्तमान काडर एकीकृत काडर के सबकाडर के रूप में रहेंगे। ये सबकाडर एक डाइंग काडर रहेंगे। स्थानीय निधि तथा सहकारिता पंचायत लेखा प्रभाग के वर्तमान ढांचे के पदधारकों के शनैः शनैः सेवानिवृत्त होने पर पदों के मृत घोषित

होने पर परिकल्पित ढांचे के अवशेष पदों पर सेवायोजन की कार्यवाही चरणबद्ध तरीके से की जायेगी। तद्नुसार ,वर्ष 2012-13 के लिये स्थानीय निधि लेखा प्रभाग तथा सहकारिता पंचायत लेखा प्रभाग के वर्तमान काडर में निम्न पदों को मृत घोषित किया जाता है:-

क्र० सं०	कार्मिक	मृत घोषित पद
1	लेखापरीक्षक	33
2	ज्येष्ठ लेखापरीक्षक	204
3	वरिष्ठ सहायक	09
4	कनिष्ठ सहायक	19
5	स्टैनो	04
6	अनुसेवक	77
7	ड्राईवर	03
	कुल पदों की संख्या	349

वर्तमान में कार्यरत कार्मिकों की पदोन्नति के अवसर यथावत बने रहेंगे।

5. नव सृजित पदों भर्ती/चयन की कार्यवाही,कार्यरत अधिकारियों को नये ढांचे में प्रवेश (Induction)प्रदान किये जाने की कार्यवाही सेवा नियमावली के प्रख्यापित होने के बाद की जायेगी।

6. नव सृजित उक्त पदों पर भर्ती के सम्बन्ध में निर्देश अलग से जारी किये जायेंगे।

9- निदेशालय लेखा परीक्षा, उत्तराखण्ड द्वारा वर्ष में सम्पादित कार्य :- वर्ष 2012-13 में 80 प्रतिशत लेखा परीक्षा पदों के रिक्त रहने के उपरान्त भी सम्परीक्षाधीन **963** लेखाओं में से **90** लेखाओं की सम्परीक्षा पूर्ण की गई। शेष **873** लेखाओं की सम्परीक्षा जनशक्ति की कमी के कारण सम्पादित नहीं करायी जा सकी। उक्त के अतिरिक्त शासन के आदेशानुसार नगर निगम, हरिद्वार उत्तराखण्ड राज्य मत्स्य पालन विकास अभिकरण एंव पशुपालन विभाग की सम्परीक्षा सम्पन्न करायी गयी ।

10.1.1 – सम्परीक्षा में उदघाटित अनियमिततायें :-

(क) निदेशालय लेखा परीक्षा प्रभाग, उत्तराखण्ड द्वारा वर्ष 2012-13 तक सम्रीक्षित लेखाओं में उदघाटित विशिष्ट अनियमितताओं के अन्तर्गत कुल रु० 35,21,46,488 की धनराशि अन्तर्निहित थी। जिसका शीर्षकवार विवरण निम्नानुसार है

क्रमांक	शीर्षक	धनराशि (रु० में)
1-	अधिक/अनियमित/परिहार्य व्यय	23,46,87,201
2-	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें	6,85,95,847
3-	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमिततायें	29,21,316
4-	आर्थिक क्षति	1,01,03,576
5-	राजस्व क्षति	9,63,802
6-	दुर्विनियोग	82,07,278
7-	अनानुमोदित व्यय/विविध अनियमिततायें	2,66,67,468
	योग	**35,21,46,488**

(ख) प्रदेश में स्थित सम्परीक्षाधीन संस्थाओं पर 31 मार्च, 2013 तक लम्बित आडिट आपत्तियों का विवरण परिशिष्ट "च" में दिया गया है। इसके अनुसार वर्ष में संस्थाओं द्वारा मात्र 900 आडिट आपत्तियों का निस्तारण कराया गया।

10.1.2 – विशेष सम्परीक्षाऐं तथा जांच :-- प्रभाग के सम्परीक्षाधीन संस्थाओं के बारे में अत्यन्त गम्भीर प्रकृति यथा गबन/दुर्विनियोग/आर्थिक क्षति से सम्बन्धित की विशेष जॉच, संस्था, अथवा जिलाधिकारी या आयुक्त के अनुरोध पर शासन की स्वीकृति से सम्पादित की जाती है।वर्ष 2012-13 में निम्नांकित संस्थाओं की विशेष लेखा परीक्षा/जांच सम्पादित करवायी गयी।

- 1- जिला निर्वाचन अधिकारी अल्मोडा
- 2- जिला निर्वाचन अधिकारी टिहरी गढवाल।
- 3- उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम, लिमिटेड (उपनल) की वितीय अनियमिततओं की जांच/सम्परीक्षा
- 4- उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र देहरादून (2006-07 से 2011-12)
- 5- चिकित्सा स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण निदेशालय के अन्तर्गत इनफारमेशन एजुकेशन एण्ड कौमिनिकेशन यूनिट
- 6- सचिवालय प्रशासन के कम्प्यूटर एंव सम्बद्ध उपकरणों की ए0एम0सी0 के मामलों की सम्परीक्षा
- 7- श्री जे0एस0 सुहाग,वन संरक्षक शिवलिक वृत्त द्वारा कथित अर्वैध रूप से प्राप्त की गयी सुविधाओं के सम्बन्ध में विशेष सम्परीक्षा
- 8- किसान इटंर कालेज, पीरुमदारा रामनगर (नैनीताल)
- 9- कुमांऊ विश्वविद्यालय से व्यक्तिगत परीक्षा फार्म उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी को हस्तान्तरित करने के सम्बन्ध में विशेष सम्परीक्षा

- 10 पशुपालन विभाग की परफारर्मेन्स आडिट रिपोर्ट
- 11 उत्तराखण्ड राज्य मत्स्य पालक विकास अभिकरण
- 10.2.1 – सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति :- वर्ष 2012-13 में आरोपित एवं वसूल किये गये सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् थी :-

	(रुपयों में)
01 अप्रैल, 2012 को प्रारम्भिक शेष	9,22,78,192.00
वर्ष में स्थापित माँग	4,65,44,777.00
योग	13,88,22,969.00
वर्ष में समाहरण	2,48,28,515.00
31 मार्च, 2013 को बकाया	11,39,94,454.00

10.2.2 – उपर्युक्त से स्पष्ट है कि विभाग द्वारा आरोपित लेखा परीक्षा शुल्क की वसूली करने का पूरा प्रयास किया गया। इन्ही प्रयासों के फलस्वरुप वर्तमान वित्तीय वर्ष में (दो करोड़ अड़तालीस लाख अठठाईस हजार पांच सौ पंद्रह रुपये) की वसूली हुई है जिसमें गत वर्ष का बकाया भी सम्मिलित है। उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा अधिनियम 2012 की धारा 4(2) के अधीन आडिटी जिसके लेखा की परीक्षा की जानी हो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर आवश्यकतानुसार निर्धारित दर पर लेखा परीक्षा फीस का भुगतान करेगा।

11. धर्मादा संदान निधि - चैरीटेबुल एण्डाउमेन्ट एक्ट 1890 (एक्ट आफ 1890) की धारा-3 के अधीन उत्तरांचल की भौगोलिक सीमा में स्थित न्यासों की परिसम्पत्तियों के लिये निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड को शासनादेश संख्या 163/xxvii(2)/2005 दिनांक 06 अक्टूबर, 2005 द्वारा कोषपाल, खैरासी निधि नियुक्त किया गया है। इनका विवरण परिशिष्ट ''छ'' में दियां गया है।

(1) वर्ष 2012-13 में प्रतिमूतियों से कुल प्राप्त ब्याज का ₹ 195817.00 प्रतिशत ₹ 191901.00 के भुगतान आदेश सम्बन्धित न्यासों को प्रेषित किये गये तथा 02 प्रतिशत ₹ 3916.00 राजकोष में जमा किया गया ।

12- लेखाकार परीक्षा का आयोजन :- दिसम्बर, 2012 में जिला पंचायत लेखाकार परीक्षा का आयोजन मात्र 04 परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त होने तथा कोरम पूरा न होने के कारण परीक्षा आयोजित नहीं करायी गयी।

जिला पंचायतों, स्थानीय निकायों, जल संस्थानों के पेंशन एवं आनुतोषिक प्रकरणों का निस्तारण वर्ष 2012-13 में प्रकरणों की प्राप्ति एवं उनके निस्तारण की स्थिति निम्नवत् थी :-

वर्ष के प्रारम्भ में शेष	वर्ष में प्राप्त	वर्ष में निस्तारित	अवशेष
75	349	375	49

14- निष्कर्ष -

उपर्युक्त प्रतिवेदन के साथ संलग्न परिशिष्ट ''क'' से स्पष्ट है कि इस विभाग को वर्ष 2012-13 में 1002 लेखाओं की लेखा परीक्षा सम्पादित करनी थी। जनशक्ति की भारी कमी के कारण सम्परीक्षा शुल्क देने वाली स्थानीय निकायों एवं संस्थाओं की सम्परीक्षा को वरीयता देते हुए पूर्ण कराने का लक्ष्य निश्चित करते हुए मात्र 117 लेखाओं की लेखा परीक्षा समाप्त करायी गयी।

आलोच्य वर्ष में सम्परीक्षित संस्थाओं के लेखाओं से सम्परीक्षा आख्याओं के आधार पर पूर्वोक्त कण्डिका 10(1) में वर्णित रु० 352146488.00 की गम्भीर वितीय अनियमिततायें प्रकाश में आयी जिनमें व्यपहरण, दुर्विनियोग, अधिक एवं अनियमित भुगतान, आर्थिक क्षति, राजस्व की क्षति आदि प्रकरण समाविष्ट हैं।

आस्था लूथरा

(आस्था लूथरा)
निदेशक

2 कार्यकारी खण्ड

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग, उत्तराखण्ड

(वर्ष 2012-13)

वर्ष 2012-13 में जिन संस्थाओं की सम्परीक्षा सम्पादित की गयी, उनमें उदघाटित वित्तीय अनियमितताओं से सम्बन्धित प्रकरण अनुवर्ती पृष्ठों तथा सम्बन्धित संस्थाओं के खण्ड में दिये जा रहे हैं। इन वित्तीय अनियमितताओं में अन्तर्निहित धनराशियों के संस्थावार विवरण निम्न प्रकार हैं :-

क्र० सं०	लेखे की श्रेणी	अनियमितता में अन्तर्निहित धनराशि (रु० में)
1	नगर पालिका परिषदें	101237706
2	नगर पंचायतें	4915075
3	कृषि उत्पादन मण्डी समितियॉं	3614269
4	कृषि विपणन बोर्ड	4095019
5	विकास प्राधिकरण	7786
6	विश्वविद्यालय सम्वर्ती सम्परीक्षा	3636117
7	विश्वविद्यालय	210619106
8	मन्दिर समितियां	140034
9	इंजिनियरिग कालेज	8488981
10	राष्ट्रीय सेवा योजना	69385
11	जिलाविधिक सेवा प्राधिकरण	53010
	योग	**352146488**

टिप्पणी – विस्तृत विवरण परिशिष्ट ''ज'' में दिया गया है।

वर्ष 2012-13–में सम्पन्न सम्परीक्षायें

नगर पालिका परिषदें

1- नगर पालिका परिषद, विकासनगर, देहरादून अवधि वर्ष 2010-11

(1) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितता-

(1) कर्मचारियों को छठे वेतन का त्रुटिपूर्ण निर्धारण के कारण वेतन का ₹ 31,970.00 अधिक भुगतान:- श्री विनोद, चपरासी को ₹ 10,440.00 दिनांक 31.12.2011 तक अधिक मूल वेतन एंव श्री ओमप्रकाश,चुंगी मोहर्रिर को ₹ 21,530.00 दिनांक 31.12.2011 तक अधिक मूल वेतन कुल ₹ 10,440.00+21,530=31,970.00 अधिक भुगतान किया गया था।

सं0टि0 भाग- दो(ब)के प्रस्तर संख्या (1)(च)में संदर्भित

(2) आर्थिक एंव राजस्व की क्षति-

(क) पालिका बस,स्टैण्ड पार्किंग ठेका में निर्धारित स्टाम्प शुल्क पर अनुबन्ध न कराए जाने से ₹ 5,500.00 राजस्व की क्षति:- पालिका द्वारा वर्ष 2010–11 में पालिका बस स्टैण्ड पार्किंग ठेका ₹ 56,000.00 में किया गया था। पालिका द्वारा ठेकेदार से निर्धारित स्टाम्प शुल्क पर अनुबन्ध नहीं कराया गया था। भारतीय स्टाम्प अधिनियम-1889 की अनुसूची प्रथम (ख) के अनुच्छेद 35(ख) के अनुसार ठेके के निर्धारित मूल्य का 10 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क देय था एंव उन्ही पर अनुबन्ध कराया जाना था। निर्धारित दर पर स्टाम्प शुल्क में अनुबन्ध न कराए जाने से ₹ 5,500.00 की राजस्व की क्षति हुई।

सं0टि0 भाग- दो(ब)के प्रस्तर संख्या (1)(घ)में संदर्भित

(रव) भवन कर पर देय सरचार्ज को माफ किया जाना ₹ 58,613.00 आर्थिक हानि:- पालिका बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पास कर प्रस्ताव सं0 14(7) दिनांक 30.12.10 के क्रम में करदाता की बकाया धनराशि जमा किये जाने पर ₹ 58,613.00 सरचार्ज माफ कर दिया था। नगर पालिका अधिनियम की धारा 137 के अन्तर्गत बकाया कर का सरचार्ज माफ करने का अधिकार विहित अधिकार/राज्य सरकार को था। सरचार्ज को माफ किया जाने से पालिका को ₹ 58,613.00 आर्थिक क्षति हुई।

सं0टि0 भाग- दो(ब)के प्रस्तर संख्या (1)(छ)में संदर्भित

(ग) अवस्थापना विकास निधि के अन्तर्गत प्राप्त राजकीय अनुदानों से सृजित सम्पतियों आवंटन प्रीमियम की नीलामी विधिवत पूर्ण न करायें जाने से ₹ 1,85,365.00 राजस्व की क्षति:- अवस्थापना विकास निधि के अन्तर्गत प्राप्त राजकीय अनुदानों से सृजित सम्पत्तियो आवंटन प्रीमियम की नीलामी विधिवत पूर्ण न करायें जाने से ₹ 1,85,365.00 राजस्व की क्षति हुई।

सं0टि0 भाग- दो(ब)के प्रस्तर(1)(ख)में संदर्भित

(घ) अवस्थापना विकास निधि के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान ₹ 10,75,408.00 दुर्विनियोग:- अवस्थापना विकास निधि के अन्तर्गत मार्केट काम्पलैक्स हेतु प्राप्त अवशेष अनुदान में से ₹ 10,75,408.00 अनुदान मद से भिन्न मदों जैसे सड़क एंव नाली निर्माण पर किया गया था जो ₹ 10,75,408.00 अनुदान का दुर्विनियोग था।

सं0टि0 भाग- दो(ब)के प्रस्तर(1)(ङ)में संदर्भित

2. नगर पालिका परिषद, नई टिहरी (वर्ष2010-11)

1- दुर्विनियोग के प्रकरण –

वर्ष 2009-10 में पुर्नवास निदेशक, टिहरी बांध परियोजना खण्ड 22 सिचांई विभाग, नई टिहरी से नाली निर्माण/रोड निर्माण हेतु प्राप्त अनुदान ₹ 11,00,000.00 का प्रयोग पालिका द्वारा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु किया गया। अत: उक्त व्यय कि धनराशि को प्रयोजन के विपरीत अन्य मद में व्यय किया जाना अवैधानिक एंव दुर्विनियोग है। **(विवरण सम्परीक्षा आख्या भाग- दो (ब)प्रस्तर–1((घ)में संदर्भित)**

2- अनानुमोदित व्यय -

शासनादेशा संख्या 469/v–श०वि०/166(सा०)/2006,दिनांक 31 मार्च, 2006 के द्वारा अवस्थापना निधि के अन्तर्गत अवमुक्त धनराशि की उपयोगिता अवधि 31 मार्च, 2006 से मात्र एक वर्ष के लिये बढाया गया था। अत: उक्त अवधि के बाद से अयतन गतिमान कार्यों पर सम्परीक्षा अवधि में व्यय ₹ 13,96086.00 हेतु शासन की अनुमति नही ली गई थी। **(विवरण सम्परीक्षा आख्या भाग- दो (ब)प्रस्तर–1 क (1)में संदर्भित)**

3- अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-

(i)नगर पालिका परिषद, टिहरी द्वारा बस अड्डे के पक्कीकरण एंव सौन्दर्यकरण के मानचित्र एंव प्राक्कलन हेतु मै०के०सी०कुरियाल आर्किटेक्ट को ₹ 1,50,000.00 का भुगतान किया गया था। किंतु बस अड्डे के पक्कीकरण हेतु निर्माण कार्य में उक्त प्राक्कलन एंव मानचित्र का उपयोग न होने के कारण किया गया व्यय सम्परीक्षा में अमान्य है।

(विवरण सम्परीक्षा आख्या भाग- दो (ब)प्रस्तर–1(च)में संदर्भित)

(ii)संदर्भित सम्परीक्षा अवधि में वाहनों का समस्त मरम्मत कार्य बिना सहायक सभागीय परिवहन अधिकारी,टिहरी गढवाल की तकनीकी संस्तुति के कराया गया है। जिस पर किया गया भुगतान ₹ 83,391.00 सम्परीक्षा में मान्य नहीं था।

(विवरण सम्परीक्षा आख्या भाग- दो (ब)प्रस्तर–(झ ii)में संदर्भित)

4. अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितता-

(i)पालिका द्वारा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को ₹ 19,54,590.00 का भुगतान शासनादेश संख्या 798(i)iv(i)/2008 दिनांक 23 मई 2008 के आलोक में अनियमित व्यय था।

(विवरण सम्परीक्षा आख्या भाग- दो (ब)प्रस्तर–1 ट(2)में संदर्भित)

5. अधिक/अनियमित अमान्य भुगतान-

(iii)वार्ड संख्या-8 में तरूण जनरल स्टोल के निकट पार्क निर्माण के स्थान पर वार्ड न० 5A तिराहे पर निरंकारी संत्सग भवन के नीचे पार्क निमार्ण कार्य किया गया था, जिसके लिये नये टेण्डर आमंत्रित नहीं किये गये थे। नये कार्य एंव पुराने कार्य की प्राकलित धनराशि एक समान ₹ 1,98,529.00 अनियमित था।

(विवरण सम्परीक्षा आख्या भाग- दो (ब)प्रस्तर–1ख (4)में संदर्भित)

3.नगर पालिका परिषद, हरिद्वार (वर्ष 2009-10 से 2010-11)

1. अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितता-

1.दैनिक वेतन एंव संविदा कर्मचारियों की वेतन भुगतान पर अनियमित व्यय ₹ 4,78,17,048.00/– का भुगतान।

(सम्परीक्षा आख्या भाग 2(ब)आपति सं०–1 में संदर्भित)

2.अनियमित रूप से नगदीकरण का भुगतान

(सम्परीक्षा आख्या भाग 2(ब)आपति सं०–5(2) में संदर्भित)

2. आय की क्षति एंव राजस्व की क्षति से सबन्धिति अनियमिततायें -

1.गृहकर की भारी धनराशि बकाया रहना।

(सम्परीक्षा आख्या भाग 2(ब)आपति सं०–7 में संदर्भित)

4. नगर पालिका परिषद, पौड़ी गढवाल (वर्ष 2009-10 से 2011-12)

1. अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितता-

1.दैनिक/नियत वेतन पर पालिका द्वारा कर्मचारियों को नियोजित किये जाने के फलस्वरूप ₹ 2,86,404/– का पालिका निधि पर अनियमित व्यय भार पड़ा।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) प्रस्तर – 1 (इ) (ख)

2. पालिका द्वारा दैनिक वेतन/नियत वेतन पर कर्मचारी नियुक्त कर आलोच्य अवधि में ₹ 12,87,776/– का अनानुमोदित व्यय किया जाना।

सम्परीक्षा आख्या अनुच्छेद–3(IV)(2)

2. अनानुमोदित व्यय-

1.पालिका द्वारा आलोच्य अवधि में बजट प्राविधान के विपरीत अधिक व्यय किये जाने से ₹ 93,82,483/– का अनानुमोदित व्यय किया गया।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) प्रस्तर – 1 (च)

3. <u>अधिक/अनियमित/अपरिहार्य/अमान्य भुगतान-</u>

1.पालिका द्वारा ₹ 1,00,000/– की लागत से अधिक के कार्य को बिना निविदा आमंत्रित किये विभागीय स्तर पर कराये जाने के कारण ₹ 4,62,437/– का अनियमित भुगतान किया जाना।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब)प्रस्तर–1(क) (4)

4. <u>आर्थिक एंव राजस्व की क्षति-</u>

1.नगर पालिका द्वारा गांधी मैदान,रामलीला मैदान आदि स्थानों पर शादी हेतु आरक्षण किया गया था एवं पूर्ण वसूली न किये जाने से पालिका को ₹ 7200/– के आय की क्षति हुई थी।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) के प्रस्तर – 1 (घ)

2.आय हेतु बजट में किये गये प्राविधान के लिए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति न किये जाने से पालिका को ₹ 12,63,805/– की लक्ष्य से कम आय प्राप्त हुई थी।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब)प्रस्तर–1(छः)

3.तहबाजारी पार्किंग,कुली पल्लेदारी हेतु दिये गये ठेके की धनराशि के सापेक्ष ₹ 12,950/– के स्टाम्प शुल्क की वसूली न किये जाने से शासकीय क्षति हुई थी।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) के प्रस्तर – 1 (ज)

4 तहबाजारी,कुली पल्लेदारी,सीटी बस ठेकेदारों से ठेके की सम्पूर्ण राशि न वसूल किये जाने से ₹ 1,36,991/– की पालिका को आर्थिक क्षति हुई थी।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब)प्रस्तर–1(झ)

5. <u>अनानुमोदित व्यय-</u>

(I)- बजट प्राविधान से अधिक व्यय किये जाने से ₹ 2765642/– का पालिका द्वारा अनानुमोदित व्यय किया जाना।

सम्परीक्षा आख्या अनुच्छेद–3(I)(2)

(II)- तेरहवें वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान का उपभोग,उपभोग तिथि समाप्त होने के बाद किये जाने से ₹ 33,81,982/– का पालिका द्वारा अनानुमोदित व्यय किया जाना।

सम्परीक्षा आख्या अनुच्छेद–3(I)(3)

6.<u>आर्थिक क्षति-</u>

(I)- विलम्ब से कार्य पूर्ण किये जाने पर देयक से ₹ 1,36,336/– की क्षतिपूर्ति की कटौती न किया जाना।

सम्परीक्षा आख्या अनुच्छेद–3(II)(3)

(II)- ठेकेदार द्वारा रास्ता/पुराना टूटन पर मरम्मत न कराने पर पालिका द्वारा जमानत की धनराशि एंव सी०डी०आर० ₹ 50,000.00/– जब्त न किया जाना।

सम्परीक्षा आख्या अनुच्छेद–3(II)(4)

7.अधिक/अनियमित/परिहार्य/अमान्य व्यय

(I)-भण्डार एंव रख रखाव की व्यवस्था न होने व बिना आवश्यकता के पालिका द्वारा हाथ गाडी क्रय किये जाने पर ₹ 1,77,950/– की धनराशि का दुरूपयोग किया जाना।

सम्परीक्षा आख्या अनुच्छेद–3(II)(5)

(II)- मै० सकलानी इलैक्ट्रांनिकल्स देहरादून को पोल फिटिंग हेतु ₹ 6,600/– को अधिक भुगतान किया।

सम्परीक्षा आख्या अनुच्छेद–3(I I)(6)

(III)- वेबसाइट निर्माण में मै० **Pixel Senses** श्रीनगर को ₹ 95,000/– का अनियमित भुगतान किया जाना।

सम्परीक्षा आख्या अनुच्छेद–3(II)(7)

8- राजस्व/आर्थिक क्षति-

(I)- नवनिर्मित जेल बगीचे में दुकान के किराये ₹ 36,400/– कम वसूल किया जाना।

सम्परीक्षा आख्या अनुच्छेद–3(III)(ii)(a)

(II)- 23 दुकानों के आवंटन में शर्तें पूरी न किये जाने पर पालिका द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने पर पालिका को ₹ 93,500/– की आर्थिक क्षति।

सम्परीक्षा आख्या अनुच्छेद–3(III)(ii)(b)

9.दुर्विनियोग-

1- नगर पालिका पालिका द्वारा ₹ 7,49,000.00/– अस्थायी अग्रिम का समायोजन न किया जाना।

सम्परीक्षा आख्या अनुच्छेद–3(V)(6)

10.आर्थिक क्षति-

(1)- ठेका कुल्ली पल्लेदारी हेतु ठेकेदार श्री दिगविजय सिंह से ₹ 90,100/– की वसूली न किये जाने से पालिका को आर्थिक क्षति हुई।

6.नगर पालिका परिषद, श्रीनगर (गढ.वाल) वर्ष 2009-10 से 2011-12

1. अनानुमोदित व्यय-

1.बिना शासन की अनुमति प्राप्त किये पालिका निधि से पालिका हेतु अम्बेडकर कार क्रय पर ₹ 564635.00/– का अनानुमोदित व्यय किया गया था।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) प्रस्तर – 1 (ख)

2. अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततां -

1.बिना पद सृजन के पालिका में दैनिक वेतन/संहत वेतन पर नियुक्ति कर ₹ 4433490.00 का अनानुमोदित व्यय किया गया।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) प्रस्तर – 1 (इ)(II)

2.त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण के फलस्वरूप पालिका परिषद द्वारा ₹ 235273.00/– का वेतन का अधिक भुगतान किया जाना।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) प्रस्तर – 1 (इ)(III)

3.बिना पद सृजन के पालिका परिषद द्वारा 57 कर्मचारी नियोजित कर आलोच्य अवधि में ₹ 33,74,299/– का अनानुमोदित व्यय किया गया था।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) के प्रस्तर – 1 (ख) (i)

4.सफाई कर्मचारियों को अवकाश दिवसों एवं साप्ताहिक अवकाश में कार्य करने के फलस्वरूप रविवाररीय भत्ता का भुगतान पालिका परिषद के स्वंय के स्रोतों से प्राप्त आय से न कर राज्य वित आयोग से प्राप्त अनुदान से किया गया था। चयनित माहों में ———————— ₹ 21,925/– का अनयिमित भुगतान पालिका परिषद द्वारा किया गया था।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) के प्रस्तर – 1 (ख) (ii)

5.पालिका परिषद द्वारा छठा वेतन एरीयर का पेंशन अंशदान ₹ 4,41,307/– (अकेन्द्रियत कर्मचारियों का) जमा न किया जाना।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) के प्रस्तर – 1 (ख) (V)4

3. आर्थिक राजस्व की क्षति-

1.पालिका परिषद द्वारा तहबाजारी का ठेका न दिये जाने एवं संविदा कर्मचारियों द्वारा तहबाजारी की वसूली किये जाने से पालिका को ₹ 306085.00/– की आय की आर्थिक क्षति हुई।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) प्रस्तर – 1 (ग) (1)

4.अनानुमोदित व्यय-

1.पालिका परिषद द्वारा बजट में आय प्राप्ति हेतु किये गये प्राविधान के अनुरूप लक्ष्य की प्राप्ति न किये जाने से ₹ 2428580.00 का अनानुमोदित व्यय किया गया।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो(ब)प्रस्तर –1(च)(1)

5.अधिक/अनियमित/अपरिहार्य/अमान्य व्यय-

1.मै० अग्रवाल एजेन्सी श्रीनगर को केबिल की आपूर्ति हेतु पालिका परिषद द्वारा ₹ 1809.00/– का अधिक भुगतान किया जाना। सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) के प्रस्तर – 1 (क) (i)

6.आर्थिक राजस्व की क्षति से सम्बन्धित अनियमितंताए-

1.विज्ञापन देयकों से टी०डी०एस० की कटौती पालिका परिषद द्वारा न किये जाने से चयनित माहों में ₹ 233/– की राजस्व की क्षति थी।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) के प्रस्तर – 1 (ग) (4)

7.राजकीय अनुदानों के उपभोग से सम्बन्धित अनियमितंता-

1.चारधाम यात्रा हेतु प्राप्त अनुदान का उपभोग यात्राकालीन अवधि में वेतन,उपकरण,दवाईयों पर ₹ 3,59,342.00/– का ही व्यय पालिका द्वारा किया गया था।शेष धनराशि ₹ 40658.00/– वापस न कर बिना अनुमोदन के व्यय किया गया था।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) के प्रस्तर – 1 (ख) (iii)

2.13वां वित्त से प्राप्त धनराशि का उपभोग पालिका परिषद द्वारा उपभोग तिथि समाप्त होने के बाद बिना अनुमोदन प्राप्त किये ₹ 10,49,807/– का व्यय किया गया था।

सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) के प्रस्तर – 1 (घ)

7.नगर पालिका परिषद,चमोली-गोपेश्वर (वर्ष 2011-12)

1.अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितता-₹ 2791071/ असृजित पदों पर तैनात कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान राज्य वित आयोग की संस्तुतियों से प्राप्त अनुदान से किया जाना अनियमित था।

(अनुच्छेद तीन के प्रस्तर 50 संदर्भित)

2;राजस्व की क्षति-(क) ₹ 149357.00 विविध नीलामी ठेकों पर कम मूल्य के स्टाम्प पेपरों पर अनुबन्ध किये जाने के फलस्वरूप राजकीय राजस्व की हानि हुई थी।

(अनुच्छेद तीन के प्रस्तर "क" में संदर्भित)

(ख) ₹ 38025.00 विहित प्राधिकारी द्वारा पुष्ट किये गये संकल्प के बिना पालिका द्वारा पुष्ट किये गये संकल्प के बिना नीलामी ठेकों पर कम मूल्य के स्टाम्प पेपरों पर अनुबन्ध किये जाने के फलस्वरूप राजकीय राजस्व की हानि हुई थी।

(अनुच्छेद तीन के प्रस्तर "क" में संदर्भित)

(ग) ₹ 20000.00 वधशाला शुल्क की कम वसूली से राजस्व की हानि हुई थी।

(अनुच्छेद तीन के प्रस्तर "झ" में संदर्भित)

(घ) ₹ 8450.00 विविध व्यावसायिक लाइसेन्स कम बनाये जाने के कारण राजस्व की हानि हुई थी।

(अनुच्छेद तीन के प्रस्तर "क्ष" में संदर्भित)

3.अधिप्राप्ति से सम्बन्धित अनियमिततायें –

(क) ₹ 25 लाख से अधिक आगणन के निर्माण कार्य विना विज्ञापन द्वारा निविदा पृच्छा के कुल 166.19 लाख के निर्माण कार्य के सम्पादन मे अधिप्राप्ति नियमावली 2008 का अनुपालन न करना अनियमित था।

(अनुच्छेद तीन के प्रस्तर "च" में संदर्भित)

(ख) निविदा समिति की संस्तुतियों के बिना रू० 342730 की सामाग्री क्रय करना अनियमित था।

(अनुच्छेद तीन के प्रस्तर "ख" में संदर्भित)

4.दुर्विनियोग–

(क) ₹ 40294 विभिन्न योजनाओं में प्राप्त राजकीय अनुदान का दुर्विनियोग किया गया था।

(अनुच्छेद तीन के प्रस्तर "ज" में संदर्भित)

8.नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग (वर्ष 2011–12)

1.अधिक/अनियमित/परिहार्य/अमान्य व्यय:- ₹ 2000 बधाई संदेशो के विज्ञापन पर व्यय करना अनियमित था।

(अनुच्छेद तीन के "क" में संदर्भित)

2.अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितता-₹ 2495243 असृजित पदों पर तैनात कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान राज्य वित आयोग की संस्तुतियों से प्राप्त अनुदान से किया जाना अनियमित था।

(अनुच्छेद तीन के प्रस्तर "ख" में संदर्भित)

3.राजस्व की हानि-

1.₹ 251859.00 नीलामी ठेके की धनराशि की वसूली न किये जाने से राजस्व की हानि हुई थी।

(अनुच्छेद तीन के प्रस्तर में संदर्भित)

2.₹ 30079 तहबाजारी पार्किंग मजदूरी लाइसेन्स ठेके की नीलामी में ठेकेदारों से निर्धारित मूल्य से कम मूल्य के स्टैम्प पेपरों में अनुबंध किये जाने से राजकीय राजस्व की हानि हुई थी।

(अनुच्छेद तीन के "घ" में संदर्भित)

3.₹ 39220 विवध व्यवसायिक लाइसेन्स कम बनाये जाने के कारण राजस्व की हानि हुई थी।

(अनुच्छेद तीन के "ज" में संदर्भित)

<u>3. अधिप्राप्ति से सम्बन्धित अनियमिततायें</u> –

(क) ₹ 29.80 लाख के निर्माण कार्य विज्ञापन द्वारा निविधा पृच्छा के बिना कराया जाना अनियमित था।

(अनुच्छेद तीन के प्रस्तर "च" में संदर्भित)

(ख) ₹ 221321 की सामाग्री बिना कोटेशन के आपूर्ति किया जाना अनियमित था।

(अनुच्छेद तीन के प्रस्तर झ में संदर्भित)

(ग) ₹ 10800 की सामाग्री क्रय पर सक्षम अधिकारी के प्रमाण-पत्र एंव क्रय आदेश का अभाव रहना अनियमित था।

(अनुच्छेद तीन के प्रस्तर "ग" में संदर्भित)

नगर पंचायते

9. नगर पंचायत हरबर्टपुर (देहरादून) अवधि वर्ष(2010-11)

1.अधिक/अनियमित/अमान्य व्यय:-

(क) नगर पंचायत ठेकेदारों को निर्माण कार्यों में अनुबन्ध धनराशि से अत्यधिक धनराशि ₹ 12,02,100.00 अनियमित भुगतान किया गया।

नगर पंचायत द्वारा निर्माण कार्यों में ठेकेदारों के अनुबन्ध धनराशी से 152 प्रतिशत अधिक के बिल प्रस्तुत करने पर ₹ 12,02,100.00 अनियमित भुगतान किया गया।

(सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) स्तर 1(ग) में सन्दर्भित)

2.अधिप्राप्ति सम्बन्धी अनियमितता-

श्री राजेन्द्र पटेल ठेकेदार द्वारा एक लाख रूपये से अधिक का कार्य बिना निविदा के सम्पादित किया गया था। उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2008 में नियम 11 के अनुसार ₹ एक लाख से अधिक के निर्माण कार्य के सम्पादन के लिए खुली निविदा का आमंत्रित किया जाना आवश्यक था।

(सम्परीक्षा भाग- दो (ब) के प्रस्तर 2(ख) सन्दर्भित)

3.राजस्व एंव आर्थिक क्षति-

(क)ठेके सप्ताहिक पैड़ के माफी दिये जाने से ₹ 40,000 की आर्थिक क्षति- वर्ष 2010-11 का पैठ का ठेके श्री महिपाल सिंह सैनी को ₹ 8,85,000.00 में दिया गया था। ठेकेदार के प्रार्थना पत्र पर एक दिन (तिथि अंकित नहीं) सोमवार को भारत बन्द होने के कारण पंचायत बोर्ड द्वारा बोर्ड प्रस्ताव संख्या 147 दिनांक 22-11-2010 के प्रस्ताव पास कर ठेकेदार श्री महिपाल सिंह सैनी को ₹ 40,000.00 ठेके की धनराशि की माफी दी गई थी। जिससे पंचायत को ₹ 40,000.00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

(सम्परीक्षा टिप्पणी भाग- दो (ब) के प्रस्तर 4(क) में सन्दर्भित।)

(ख) मांग व समाहरण पंजी की जांच से प्रकाश में आया कि पूर्व के वर्षो की ठेके की धनराशि वसूल न किये जाने से पंचायत को ₹ 1,69,083.00 की आर्थिक क्षति हुई।

(ग) नगर पंचायत द्वारा नीलामी ठेकों में निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध नहीं कराये जाने से भारतीय स्टाम्प अधिनियम-1889 की अनुसूची प्रथम (ख) के अनुच्छेद 35(ख) के अनुसार स्टाम्प शुल्क ₹ 1,10,610.00 राजस्व की क्षति हुई।

(सम्परीक्षा टिप्पणी भाग- दो (ब) के प्रस्तर 4(ग) में सन्दर्भित।)

4.अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितता-

(क) **संविदा एंव दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के पारिश्रामिक पर ₹ 12,95,125.00 का अनियमित व्यय-** नगर पंचायत हर्बटपुर द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार नगर पंचायत हर्बटपुर में कुल 11 सृजित पद है, यह पद पूर्णतः भरे हुये हैं। इसके अलावा 19 कार्मिक संविदा पर कार्यरत है एंव 06 कार्मिक दैनिक वेतन पर कार्यरत हैं।

शासनादेश सं0-3462/210 वि0आ0-04-235(सा0)/2003 शहरी विकास/आवास अनुभाग, देहरादून दिनांक 06 अगस्त,2004 द्वारा संविदा/दैनिक नियुक्तियों पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया गया था। ऐसी स्थिति में संविदा/दैनिक कर्मचारियों को वेतन/पारिश्रमिक ₹ 12,95,125-00 का भुगतान अनियमित था।

(सम्परीक्षा आख्याभाग- दो (ब) के प्रस्तर 5(क) सन्दर्भित)

10. नगर पंचायत, चम्बा, टिहरी गढवाल (सम्परीक्षा 2010-11)

1. दुर्विनियोग के प्रकरण –

संस्था द्वारा वर्ष 2010–11 में तहबाजारी ठेकेदारी की शेष दो किस्तों ₹ 67,400.00 की वसूली सम्परीक्षा तिथि तक नहीं किये जाने से उक्त धनराशि का दुर्विनियोग सम्भावित था।

(विवरण सम्परीक्षा आख्या भाग- दो (ब)प्रस्तर–(2) में संदर्भित)

2-अधिक/अनियमित/ अमान्य/परिहार्य व्यय -

(1) संस्था द्वारा निर्माण कार्यों की माप मेजरमन्ट बुक में दर्ज किये बिना, घटित विचलनों की स्वीकृति तथा कार्य पूर्णता का सत्यापन सक्षम स्तर से करायें बिना किया गया भुगतान ₹ 2,37,368.00 अनियमित एंव अमान्य है।

(विवरण सम्परीक्षा आख्या भाग- दो (ब)प्रस्तर–(1ड) में संदर्भित)

3. राजकीय अनुदान एवं ऋणों के उपभोग से संबंधित अनियमितायें –

(1) संस्था द्वारा आलोच्य अवधि 20.10.11 में दैवी आपदा निधि से सम्बन्धित ₹ 10,17,300.00 के व्यय द्वितीय राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से किया जाना अनियमित था।

(विवरण सम्परीक्षा आख्या भाग- दो (ब)प्रस्तर–1(ग) में संदर्भित)

(2) पूर्ववर्ती वर्षों में अनुदानों एंव ऋणों की उपयुक्त अन्तिम अवशेष धनराशियों क्रमशः ₹ 1,76,661.00 एंव ₹ 5,86,890.00 की अवस्थिति/जमा का कोई भी अभिलेखीय साक्ष्य, सम्बन्धित कार्यालय में उपलब्ध नहीं था।

(विवरण सम्परीक्षा आख्या भाग- दो (ब)प्रस्तर–1(ख) में संदर्भित)

4. राजस्व की क्षति –

(1) तहबजारी ठेके अनुबंध में स्टाम्प शुल्क भारतीय स्टाम्प पेपर एक्ट 1899 के धारा 2(16) सी शयडूल (356) के अनुसार स्टाम्प शुल्क दर ₹ 1000 एंव इससे अधिक धनराशि पर ₹ 125.00 प्रति हजार

की दर से ₹ 1,01,100.00 पर ₹ 12,638-00 का स्टाम्प शुल्क के स्थान पर मात्र ₹ 100-00 का स्टाम्प पेपर लगाया गया था।

(विवरण सम्परीक्षा आख्या भाग- दो (ब)प्रस्तर–1 में संदर्भित)

कृषि उत्पादन मण्डी समितियां

11. कृषि उत्पादन मण्डी समिति, देहरादून (वर्ष 2010–11)

1.राजस्व की क्षति:-

कृषि उत्पादन मण्डी समिति द्वारा 15 कैन्टीनों की नीलामी एक वर्ष के लिए की गई थी।समिति एंव निविदादाताओं के मध्य एक वर्ष के लिए कैन्टीन किराया अनुबन्ध अनुचित रूप में ₹ 100.00 के स्टाम्प पेपरों पर किया गया था। भारतीय स्टाम्प अधिनियम के अनुसार समिति द्वारा अनुबन्ध निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपरों में न कराने के कारण ₹ 92,156.00 के राजस्व की हानि हुई।

(सम्परीक्षा टिप्पणी भाग- दो (ब) के प्रस्तर 1(क) सन्दर्भित)

6. आर्थिक क्षति-

समिति द्वारा विविध व्यवसायों के लाइसेन्सों का नवीनीकरण नही किया गया था। जिससे समिति को ₹ 39,050.00 की आर्थिक क्षति हुई।

(सम्परीक्षा टिप्पणी भाग- दो (ब) के प्रस्तर 1(ग) सन्दर्भित)

समिति द्वारा वर्ष 2010–11 में व्यापारियों से ₹ 45,118.00 मण्डी शुल्क एंव ₹ 11,279.00 विकास शुल्क 31 मार्च, 2011 को जमा नहीं करायी गयी थी। इससे समिति को ₹ 56,397.00 की आर्थिक क्षति हुई।

(सम्परीक्षा टिप्पणी भाग- दो (ब) के प्रस्तर 1(छ) में सन्दर्भित)

12- कृषि उत्पादन मण्डी समिति रामनगर (नैनीताल) 2011-12

1. आर्थिक/राजस्व की क्षति:-

(क)- मण्डी शुल्क की वसूली न किये जाने से समिति को ₹ 2363967.00/– आय की क्षति हुई थी।

भाग 2 (ब) प्रस्तर – 1 (क)

(ख)- मण्डी समिति परिसर में स्थित सूखे एंव गिरे हुये वृक्षों की समय पर निलीमी न किये जाने से ₹ 143141.00 की क्षति हुई थी।

भाग 2 (ब) प्रस्तर – 1 (ख)

(ग)- मण्डी समिति द्वारा किराये की वसूली न किये जाने से ₹ 730798.00 के क्षति हुई थी।

भाग 2 (ब) प्रस्तर – 1 (घ)

13- कृषि उत्पादन मण्डी समिति हल्द्वानी नैनीताल:-2010–11 एंव 2011-12

1.अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितायें-

(क)- त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण के फलस्वरूप श्री अशोक कुमार जोशी टंकक/लिपिक को छठे वेतन आयोग के अन्तर्गत ₹ 108845.00/– का अधिक भुगतान किया गया था।
सम्परीक्षा आख्या भाग 2 (ब) प्रस्तर – 1 (2) में संदर्भित

(ख)- त्रुटिपूर्ण वेतनवृद्धि दिये जाने के फलस्वरूप श्रीमती अनीता नयाल मण्डी निरीक्षक को वेतन एंव भत्तों के रूप में ₹ 5005.00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग 2 (ब) प्रस्तर – 1 (3)

(ग)- श्री कैलाश चन्द्र तिवारी मण्डी निरीक्षक को त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण के फलस्वरूप ₹ 59610.00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग 2 (ब) प्रस्तर – 1 (4)

2.आर्थिक क्षति:-

(क)- किराये की वसूली न किये जाने से मण्डी समिति को ₹ 467231.00 एंव लाईसैन्सों का नवीनीकरण न किये जाने से ₹ 15300.00 के आय की क्षति हुई थी।

भाग 2 (ब) प्रस्तर – 1 (7)

सम्वर्ती सम्परीक्षा कृषि विपणन बोर्ड

14.उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन मण्डी परिषद रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)

परिशिष्ट-'क'

वर्ष 2012-13 की सम्परीक्षा में समावेशित महत्वपूर्ण बिन्दु

अधिक/अनियमित/अमान्य/परिहार्य व्यय-

1- सीमेन्ट कंकरीट निर्माण कार्यों में ₹ 1851824.24 मूल्य का रिक्रान प्रयुक्त दर्शाया गया था। पी०डब्लू०डी० शिड्यूल में रिक्रान प्रयोग किये जाने का प्राविधान नहीं था।

प्रस्तर–51

2- मण्डी अधिनियम के प्राविधानों के विपरीत ₹ 98100.00 "पीपलू फार एनिमल" द्वारा जानवरों के उत्थान एंव बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु उत्तराखण्ड लिव स्टाक डिवलपमेन्ट कोर्ड को भुगतान किया गया था। यह मद मण्डी परिषद के कृत्यों में सम्मिलित नहीं थी।

प्रस्तर–68

3- शरदोत्सव समिति नैनीताल का ₹ 50,000,00 स्मारिका में विज्ञापन हेतु अग्रिम भुगतान किया गया था।

प्रस्तर–91

4- सिविल सेवा संघ की अधिवेशन सम्बन्धी पत्रिका "अरोही" में विज्ञापन हेतु ₹ 30,000,00 व्यय किया गया था।

प्रस्तर–92

1- प्रधान टाइम्स हरिद्वार को दिनांक 09.11.2009 को राज्य स्थापना दिवस के उपलब्ध में शुभ कामनाएं प्रकाशित करने हेतु ₹ 10,000.00 का अधिक भुगतान हुआ था।

प्रस्तर–83

2- मार्ग सडक के निर्माण कार्यो पर ₹ 224937.00 मूल्य का पालीथीन प्रयुक्त दर्शाया था। पी०डब्लू०डी०शिड्यूल में मार्गो में पालीथीन प्रयोग किये जाने का उल्लेख नहीं था।

प्रस्तर–99

3- शुभकामना संदेशों के विज्ञापनों हेतु ₹ 269819.00 का व्यय शा०संख्या 578/10 स०वि०नि–1/99 दिनांक 16.06.1999 के विपरीत किया गया था।

प्रस्तर–16

4. कृषि वि०विद्यालय पन्तनगर में अध्ययन छात्रों हेतु स्नातक स्तर पर 35 छात्र हेतु स्नातक स्तर पर 35 छात्रवृतियों दिये जाने का प्राविधान था। इसके विपरीत 53 छात्रवृतियों वितरित थी। इससे ₹ 259200.00 निर्धारित प्राविधान से अधिक व्यय हुआ था।

प्रस्तर–122

5- देहरादून में गेस्ट हाउस/कैम्प कार्यालय के किराये के रूप में ₹ 237600.00 का व्यय हुआ था। भवन का उपयोग मण्डी परिषद के क्रियाकलापों हेतु प्रयोग किये जाने की पुष्टि नहीं करायी गयी।

प्रस्तर–82

<u>आर्थिक क्षति-</u>

1. शा०सं० 395/व०ग्रा०वि०/गन्ना चीनी/2002 दिनांक 09.09.2002 के क्रम में चीनी मिलों को ऋण हेतु ₹ 10.00 करोड जिला अधिकारी, नैनीताल को दिये गये थे। दिनांक 31.03.2007 तक दिये ब्याज ₹ 343.88664 तथा ₹ 690.00 लाख मूलधन की वसूली नहीं की गयी थी।

प्रस्तर–94

2. कृषि एंव सहकारिता विभाग विपणन एंव निरीक्षण निदेशालय, फरीदाबाद से "मण्डी दर्पण" नामक त्रैमासिक मैगजीन के प्रकाशन हेतु ₹ 5.00 लाख प्राप्त थे। मैगजीन का केवल एक बार प्रकाशन कराया गया था। अवशेष ₹ 373539.00 की धनराशि समर्पित किये जाने से परिषद को आर्थिक क्षति हुई थी।

प्रस्तर–123

विकास प्राधिकरण

15.दूनघाटी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, देहरादून अवधि वर्ष 2009–10 एंव 2010–11

अधिक/अनियमित/अमान्य व्यय:-

(क) **वैयक्तिक सहायक आयुक्त कार्यालय के बिलों का भुगतान दून घाटी विशेष क्षेत्र प्राधिकरण से किया जाना अनियमित-** वैयक्तिक सहायक आयुक्त एंव अध्यक्ष दून घाटी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को उनके द्वारा प्रस्तुत स्टेशनरी बिल 4518 दिनांक 02.10.2010 ₹ 7,786.00 साई इटंरप्राइजेज के लिए किया गया था। वैयक्तिक सहायक द्वारा आलोच्य अवधि में विविध फर्मों से इस प्रकार के बिल तैयार करके दूनघाटी कार्यालय को प्रस्तुत कर धनराशि आहरित कराई गई थी। उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली के अनुसार प्रत्येक ₹ 15,000.00 तक की आपूर्ति सक्षम अधिकारी के आवश्यक प्रमाण-पत्र के उपरान्त तथा ₹ 15000.00 से अधिक तथा ₹ 1,00,000.00 तक की सीमा के क्रय स्थानीय क्रय समिति की संस्तुति के उपरान्त क्रय किया जाना अपेक्षित हैं। संस्था द्वारा वैयक्तिक सहायक के बिलों का भुगतान प्राधिकरण निधि से किया जाना गम्भीर वितीय अनियमितता थी।

(सम्परीक्षा टिप्पणी भाग- दो (ब) के प्रस्तर 1(क) सन्दर्भित)

(ख) **विकासनगर क्षेत्रान्तर्गत नेशनल हाइवे पर बने डिवाइडरों पर विद्युत प्रकाश व्यवस्था कार्य में पाई गई अनियमितता-** विकासखण्ड,विकासनगर हाइवे पर बने डिवाइडरों पर विद्युत प्रकाश व्यवस्था कार्य हेतु ₹ 22,74,000.00 का आगणन बनाया गया था। इस कार्य के लिए आमन्त्रित निविदा में सबसे न्यूनतम निविदा दरें गढवाल इन्जीनियर का आगणन दर था। दिनांक 26.07.2009 निविदा समिति द्वारा स्वीकृत इस कार्य की प्रारम्भ करने की तिथि 15.06.2009 तथा समापन तिथि 15.09.2009 निर्धारित थी। माप पुस्तिका-15 के पेज 17–23 के अनुसार इस कार्य की माप ₹ 2,48,830.00थी। इस कार्य के समापन की वास्तविक तिथि 15.10.2010 थी जो कि निर्धारित तिथि से 13 माह विलम्ब की कटौती किया जाना उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2008 के अनुसार आवश्यक था।

(सम्परीक्षा टिप्पणी भाग- दो (ब) के प्रस्तर 3(क) सन्दर्भित)

(ग) **निर्माण कार्य विलम्ब से पूर्ण होने पर विलम्ब शुल्क चार्ज न किया जाना अनियमित-** आलोच्य अवधि में अनुबन्धित निर्माण कार्य ठेकेदारों द्वारा निर्धारित समय पर सम्पादित नहीं किया गया था ऐसी स्थिति में उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2008 के नियम–34 (ड) के अनुसार नियम दर से विलम्ब शुल्क देय था।

(सम्परीक्षा टिप्पणी भाग- दो (ब) के प्रस्तर 3(ख) सन्दर्भित)

17.गंगोत्री विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,उत्तरकाशी(वर्ष 2009-10 एंव 2010-11)

1-राजकीय अनुदानों के उपभोग सम्बन्धी अनियमिततायें:-

संस्था को ऋण के रूप में ₹ 1 करोड विकास कार्यों हेतु उ०प्र० शासनादेश संख्या म०मु०घो०-19(1)–28–1–89–12(3)/88 दिनांक 18.09.09 को प्राप्त हुआ था, संस्था द्वारा 75 लाख वापिस किया गया तथा शेष 25 लाख विनियोजित $9_{1/2}$ % दर पर पोस्ट आफिस में जमा किया गया अर्जित ब्याज को शासन को न लौटा कर अधिष्ठान मदों पर व्यय किया गया। **(विवरण सम्परीक्षा आख्या भाग- दो (ब)प्रस्तर–1(क)में संदर्भित**

विश्वविद्यालय सम्वर्ती सम्परीक्षायें

18. सम्वर्ती सम्परीक्षा (फार्म लेखा) पंत नगर गो०ब०पन्त कृषि एंव प्रौद्यौगिक विश्वविद्यालय,(फार्म लेखा),हल्दी (पंतनगर) के वर्ष 2006–07 एवं 2007–08 (कृषि वर्ष) की सम्परीक्षा में पाई गई गम्भीर आपत्तियां का विवरण

1. दुर्विनियोग:-

1-बीजों का सम्भावित दुरूपयोग –गेहूं बीज के रूप में ₹ 3,19,650.65 का निर्धारित मानक से अधिक बीज बोया जाना दर्शाया गया था जिससे दुर्विनियोग अथवा दुरूपयोग परिलक्षित था।

(सम्परीक्षा टिप्पणी के प्रस्तर–1(छ) में संदर्भित)

2-अधिक/अनियमित परिहार्य व्यय–

(1)फार्म अधिकारियों/कर्मचारियों को अतिकाल भत्ता एंव टेलीफोन भत्ते/रिचार्ज कूपन आदि का ₹ 63405.74 का अनियमित भुगतान किया गया।

(सम्परीक्षा टिप्पणी के प्रस्तर–1(द)(न) में संदर्भित)

(2)फार्म के अधिकारियों को ₹ 27481.00 मानदेय का अनियमित भुगतान किया गया।

(सम्परीक्षा टिप्पणी के प्रस्तर–1(ध)में संदर्भित)

(3)विज्ञापन पर ₹ 1,13,875.00 का परिहार्य व्यय किया गया।

(सम्परीक्षा टिप्पणी के प्रस्तर–1(थ)में संदर्भित)

3-आर्थिक क्षति एंव राजस्व की क्षति–

(1)पी०ओ०एल० पंजी में 91 लीटर डीजल अधिक निर्गत दिखाये जाने एंव पी०ओ०एल० पंजी में निर्गत डीजल व लाग बुक में अंकित डीजल में 7775 लीटर डीजल का अंतर पाये जाने के कारण ₹ 260968.51 की आर्थिक क्षति हुई।

(सम्परीक्षा टिप्पणी के प्रस्तर–1(ख)(ड) में संदर्भित)

(2)ठेकेदारों से गन्ने की कीमत कम वसूले जाने से ₹ 2,29,828.00 की आर्थिक क्षति हुई।

(सम्परीक्षा टिप्पणी के प्रस्तर–1(ग)(घ)में संदर्भित)

(3)श्री बालकृष्ण द्वारा आवंटित भूमि से अधिक भूमि को उपयोग में लाना व निर्धारित दरों से किराये की वसूली न किये जाने के कारण ₹ 62,813.00 की आर्थिक क्षति हुई।

(सम्परीक्षा टिप्पणी के प्रस्तर–1(च)में संदर्भित)

(4)निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपरों पर अनुबन्ध न कराये जाने से ₹ 15,64,284.80 के राजस्व की क्षति हुई।

(सम्परीक्षा टिप्पणी के प्रस्तर–1(ज)(झ)में संदर्भित)

